# जालोर में संघर्ष चेतना यात्रा पहुंची, कर्मचारियों ने जयपुर रैली पर चर्चा की




जालोर में राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की संघर्ष चेतना यात्रा कार्यक्रम को शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेशाध्यक्ष बन्नाराम चौधरी ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से घोषित 23 जनवरी को जयपुर में होने वाली कर्मचारियों की महारैली को लेकर महासंघ प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित कार्यक्रम अनुसार जालोर में शुक्रवार को संघर्ष चेतना यात्रा पहुंची। जालोर के जिला परिषद हॉल में राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेशाध्यक्ष एवं कर्मचारी महासंघ के बन्नाराम चौधरी ने बैठक लेकर

**■ कर्मचारियों की मांगों को लेकर 23 जनवरी को जयपुर में आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा**

कर्मचारियों में जोश भरा। कार्यक्रम में संघर्ष चेतना यात्रा जयपुर से आये हुए प्रदेश संयोजक बन्नाराम चौधरी का कर्मचारी महासंघ जालौर जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह मंडलावत ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

जिला संघर्ष समिति संयोजक कैलाश कुमार खत्री के अनुसार प्रदेश संयोजक ने बताया कि सरकार से महासंघ के कई बार समझौते हुए। लेकिन उसे धरातल पर लागू नहीं कर कर्मचारियों के अधिकारों पर कुठाराघात किया है तथा कर्मचारियों को कभी खेमराज कमेटी तो कभी सावंत कमेटी के नाम पर बरगलाया है। राज्य सरकार का संवाद हीनता, वादाखिलाफी एवं कर्मचारियों की 15 सूत्री मांगों को लेकर 23 जनवरी को जयपुर में महा आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राजस्थान के कोने-कोने से एक लाख से अधिक कर्मचारी जयपुर पहुंचकर सरकार का घेराव करेंगे।

खत्री ने बताया कि संघर्ष समिति के आंदोलन के अगले चरण में 11 जनवरी को प्रत्येक उपखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम पर ज्ञापन दिया जाएगा तथा 18 जनवरी को जिला मुख्यालय पर विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। जालोर महासंघ जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह मंडलावत ने अपने संबोधन में बताया कि महासंघ अपने 15 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर सरकार से लगातार संघर्ष कर रहा है, लेकिन सरकार के कानों में जूं नहीं रेंग रही है। कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष है और इसी के चलते हुए हर कर्मचारी सरकार के तानाशाही रवैया से परेशान है तथा अब वह सडक पर उतरकर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने को उतारू हैं। आज की संघर्ष चेतना यात्रा बैठक में संयुक्त महासंघ से जुड़े विभिन्न कर्मचारी संगठनो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के रूस्तम खान खोखर, शिक्षक संघ प्रगतिशील के मुख्य महामंत्री पूनमचंद विश्नोई, महासंघ के मीडिया प्रभारी शहजाद खान, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई, महासंघ ब्लॉक जालोर के अध्यक्ष पुख सिंह भाटी, महा संघ ब्लॉक जसवंतपुरा के अध्यक्ष रघुनाथ विश्नोई, शारीरिक शिक्षक संघ के जिला सचिव गणपत सिंह भवरानी आदि कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर सहायक विकास अधिकारी संघ से पोकाराम सोलंकी, शिक्षक संघ शेखावत से दलपत सिंह आर्य, लादूराम विश्नोई महासंघ ब्लॉक आहोर अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड, नर्सेज एसोसिएशन से छगनलाल गर्ग, गुलजार अली, छगनलाल गर्ग,अभय सिंह, किशोर कुमार परिहार, चंपालाल परिहार, हंजा राम सुंदेशा, कैलाशदान चारण, शारीरिक संघ अध्यक्ष चंदनसिंह चंपावत,भगवत सिंह राठौड, प्रकाश कुमार, हरीश कुमार, सहायक कर्मचारि संघ अध्यक्ष राधेश्याम, पप्पू राम एलएचवी व एएनएम संघ जिलाध्यक्ष नारायणी सोनी, भंवरी देवी ,रमेश बाई, रेखा मीणा, भैराराम ,नारायण राम गर्ग, वक्ताराम देवडा, आर्युवेद संघ से जय वीर सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जालौर ब्लॉक संघर्ष समिति संयोजक प्रकाश नारायण माली ने किया।

# लाखाराम चौधरी को बधाई दी



रेवदर में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष लाखाराम चौधरी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**रेवदर, (निसं)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की जारी सूची में रेवदर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर लाखाराम चौधरी के मनोनयन के बाद क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने उनके कार्यालय पहुंचकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया एवं बधाई दी।

**■ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों को आमजनता के बीच में संगठन को मजबूत करने का काम किया जाएगा**

स्वागत के लिए आए कार्यकर्ताओं से मुखातिब होते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि पार्टी आलाकमान ने एवं राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ने आम कार्यकर्ताओं की भावनाओं का ध्यान रखा और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, जिसका पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा। साथ ही राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों को आमजनता के बीच में संगठन को मजबूत करने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख चंदनसिंह देवडा, सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष भूराराम कोली, सहकारिता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पालीवाल, जिला क्रीडा परिषद के सदस्य एवं उपसरपंच डूंगरसिंह सेरवा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हर्षुल अग्रवाल, भैराराम प्रजापत, महासचिव कवित अग्रवाल, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, भगाराम कोली समेत दर्जनों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# खेलों के लिए रजिस्ट्रेशन 15 तक

**जालोर, (कासं)।** मुख्यमंत्री घोषणा की अनुपालना में नगरीय निकाय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य खेलों की तर्ज पर वार्ड स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तरीय राजीव गांधी शहरी ओलम्पिक खेल 26 जनवरी से प्रारम्भ हो रहे है। जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र स्टेडियम के प्रभारी रतनसिंह मंडलावत ने बताया कि खेल विभाग द्वारा वेबसाइट पर खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन प्रारंभ कर दिया गया है तथा रजिस्ट्रेशन के लिए जनाधार अनिवार्य है। जिले में नगर परिषद व नगर पालिकाओं में रहने वाले इच्छुक खिलाडी 7 खेलों के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। पंजीयन करवाने की अन्तिम तिथि 15 जनवरी, 2023 तक रखी गई है। राजीव गाँधी शहरी ओलम्पिक खेल में खिलाड़ियों के पंजीयन के लिए उम्र की कोई बाध्यता नहीं है। शहरी ओलम्पिक खेल तीन चरणों में पूरे होंगें जिला स्तर पर दो चरण होंगे। पहले चरण में वार्ड स्तर पर 26 से 31 जनवरी तक प्रतियोगिताएँ होंगी तथा दूसरे चरण की प्रतियोगिता में वार्ड स्तर पर विजेता रही टीमें 13 से 16 फरवरी तक जिला स्तर पर खेलेंगी। जिला स्तर पर विजेता टीमें राज्य स्तर पर भाग लेंगी।

# मोहन पाराशर का स्वागत




जालोर के रोटेरियन मोहन पाराशर के रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट का गर्वनर नियुक्त होने पर स्वागत किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** रोटरी क्लब जालोर के वरिष्ठ रोटेरियन मोहन पाराशर को वर्ष 2024-25 के लिए रोटरी इन्टरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 का गर्वनर नियुक्त करने पर रोटरी क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यो सहित अन्य नागरिको ने स्वागत किया।

रोटरी क्लब जालोर के सचिव डॉ.पवन ओझा ने बताया कि रोटरी क्लब जालोर के वरिष्ठ रोटेरीयन मोहन पाराशर को वर्ष 2024-25 के लिए रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 का गवर्नर नियुक्त किया गया है।

इस मौके पर क्लब के सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए डी.जी.एन मोहन पाराशर का स्वागत किया गया। इस मौके पर नवीन मेवाडा ने नए सदस्य के रूप में रोटरी ज्वाइन की। मोहन पाराशर ने पधारे हुए सभी सदस्यों का आभार जताया। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरीयन नंद किशोर जेथलिया, पुरूषोत्तम पोमल, परमानंद भट्ट, सीपी पुरोहित,कानाराम परमार, बी.एल सुथार,नारायण भट्ट, क्लब अध्यक्ष सपना बजाज ,सचिव डॉ.पवन ओझा, पूर्व अध्यक्ष तरुण सिद्धावत, डॉ.प्रकाश विश्नोई ,दयावती चारण, शैलजा माथुर, नीर माथुर, हितेश प्रजापत, सी ए जिशान अली, अनिल कुमार ,रमजान खान, नूर मोहम्मद सहित अन्य मौजूद रहे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता होगी

**जालोर, (कासं)।** रावणा राजपूत महासभा व युवा महासभा जालोर जिलें मे जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

**■ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों में उत्साह व ज्ञान बढ़ता है**

महासभा जिलाध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा व युवा महासभा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु वीरेंद्र सिंह पवार जालौर को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है, वीरेंद्र सिंह पवार जल्द ही अपनी जिला टीम का गठन करेंगे तथा आयोजन की रुपरेखा तय करेंगे, पूर्व में भी रावणा राजपूत समाज द्वारा जालोर नगर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया था, इस प्रकार की प्रतियोगिता से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों में उत्साह व ज्ञान बढ़ता है।

# बेटियों की शिक्षा से समाज का सर्वांगीण विकास संभव : माया

**धोरीमन्ना, (निसं)।** बाड़मेर-जैसलमेर जिले के तीन दिवसीय दौरे के दौरान बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना उपखंड क्षेत्र में कुम्हार महासभा राजस्थान की महिला प्रदेशाध्यक्ष माया प्रजापति का सुदाबेरी गांव में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में माला साफा व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

**■ प्रजापति समाज को एकजुट होकर अच्छे संस्कार का निर्माण करना चाहिए**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष माया प्रजापति ने कहा बाड़मेर जिले सहित पूरे मारवाड़ क्षेत्र में बेटियों की शिक्षा का स्तर बेहद चिंताजनक हैं बेटियां पड़ेगी तो दो घर शिक्षित होंगे।

बालिका शिक्षा के बिना समाज मे गैरबराबरी दूर नही हो सकती नही ही समाज का सम्पूर्ण विकास हो सकता हैं समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बेटियों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाया जाएँ। माया प्रजापति ने दहेज प्रथा एवं बालविवाह जैसी बड़ी सामाजिक कुरूतियों को खत्म करने पर भी जोर देते हुए कहा दहेजप्रथा ओर बालविवाह से राजस्थान में हर वर्ष हजारों बेटियां जान गंवा देती इस लिए यह रूढिवादिता खत्म होनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष भीखाराम प्रजापत ने कहा समाज में आजकल बड़े पैमाने पर अंधविश्वास ओर मृत्युभोज बड़े जोर शोर से अपनी जड़ें जमा रहा है। जिससे समाज का धन समय संसाधन शारिरिक शोषण हो रहा है। जिससे समाज पिछडते ही जा रहा है।

अब समय आ गया अंधविश्वास पाखण्डवाद ओर मृत्यु भोज जैसी सामाजिक बुराईयों को जड से खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। एलआईसी के विकास अधिकारी देदाराम प्रजापत ने मीटिंग में अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रजापति समाज को एकजुट होकर समाज की आने वाली पीढियों के लिए अच्छे संस्कार और सकारात्मक सोच का निर्माण करना चाहिए। मीटिंग में उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों को बालिका शिक्षा को बढाने,बालविवाह, मृत्यु जैसी सामाजिक कुरीतियो को त्यागने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में अध्यापक आसुराम प्रजापत सुदाबेरी,कृष्णलाल टाक अनूपगढ,लुंबाराम,मूलाराम रेखाराम, सहित कई बेटियां,महिलांए ओर गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महंत प्रतापपुरी ने बैठकें ली

**पोकरण, (निसं)।** पोकरण भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत प्रतापपुरी महाराज ने विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठकें लेकर पार्टी की नीतियों, कार्य मों के बारे में जानकारी देकर एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। महंत ने शुक्रवार को सांकडा, खेतासर, फलसूंड, रातडिया, बागथल, दांदल गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों ने बताया की ग्रामीण अंचलों में पानी की भारी किल्लत है, वोल्टेज की समस्या के कारण कृषि कार्यो में दुविधा उत्पन्न होती हैं, राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों के कई पद रिक्त होने के कारण शिक्षण कार्य बाधित हैं, आवागमन की सड़के मरम्मत नहीं होने के कारण टूटी हुई पडी हैं। भाजपा नेता ने जनसमस्याओं को लेकर जल्द की कलेक्टर को ज्ञापन देने की बात कही। महंत ने कहा की प्रदेश की कांग्रेस सरकार आमजन की विरोधी हैं। बीते चार वर्षो में राज्य विकास में कोसो दूर चला गया। भ्रष्टाचार और अपराध से प्रदेश की छवि धूमिल हो रही हैं। बेखौफ होकर अपराधी अपराध को बढावा दे रहे हैं। सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता नहीं होने के कारण प्रदेश की जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा। महंत ने कहा भाजपा भारत भक्ति में लीन हैं,भाजपा देश के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर आगे बढ कर कार्य कर रही हैं।

# सुथार समाज ने स्वागत किया



जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ( मध्य ) का सुथार समाज ने स्वागत किया।

**जालोर, (कासं)।** श्री गजानन्द जी मंदिर अध्यक्ष मंडला अध्यक्ष गोमाराम सुथार ,आहोर मंदिर अध्यक्ष नवीन सुथार ,हरजी मंदिर अध्यक्ष हस्ती मल थावला के नेतृत्व में आहोर से तखतगढ मुख्य मार्ग एनएच 325 पर गंगावा चौराहे से मंडला गजानन्द जी मंदिर जाने वाली सडक डीएमएफटी से स्वीकृति दिला कर 4 किलोमीटर सड़क मार्ग निर्माण करवाने के लिए 1.20 करोड आवंटन करने के लिये पुखराज पाराशर को सुथार समाज के लोगों की भावना और मांग को अपने वादे अनुसार पूरा कराने के लिये समाज बंधुओ ने पाराशर का उनके कार्यालय जा कर आभार व्यक्त किया तथा स्वागत किया। मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत को समाज की भावना से अवगत् करवा कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डाया राम, सुथार, सांवला राम , फुलाराम ,सुथार,हेमराज सुथार, बीएल सुथार ,गणेशा राम सुथार, पुखराज ,चंपालाल , नारायण जी,पार्षद् बसन्त सुथार, रमेश ,रतन लालजी, मीठालाल ,आनन्द सुथार मोहन , दिनेश कुमार मौजूद रहे।

# प्रकाश रावल अध्यक्ष बने

**पिंडवाडा, (निसं)।** शहर के सिरोही रोड़ व्यापार मंडल का चुनाव निर्वाचन अधिकारी बाबू लाल मेवाडा व महेश दान चारण को नियुक्त कर नगर पालिका चेयरमैन सुरेंद्र मेवाडा की अध्यक्षता में व्यापार मंडल चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए प्रकाश रावल और सुनील अग्रवाल ने अपना पर्चा जमा करवाया समय अवधि के बाद सुनील अग्रवाल ने अपना नामांकन वापस ले लिया। जिस पर प्रकाश रावल निर्विरोध अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अरुण रावल चुने गए पालिका अध्यक्ष मेवाडा में नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश रावल व उपाध्यक्ष वरुण रावल का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। नगर पालिका के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र मेवाडा,नेता प्रतिपक्ष सुरेश मेवाडा, पार्षद प्रकाश मीणा,पार्षद जगदीश मारू, पिंडवाडा व्यापार संघ के अध्यक्ष अशोक रावल का भी स्वागत किया गया। व्यापार मंडल की ओर से विभिन्न समस्याओं के बारे में नगरपालिका अध्यक्ष सुरेंद्र मेवाडा को अवगत कराया गया।

# बाप में कांग्रेस नेता धरने पर पहुंचे

**बाप, (निसं)।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल स्थल बचाओं संघर्ष समिति बाप के बैनर तले अम्बेडकर भवन की भूमि को निरस्त कर डॉ अम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी को आवंटन कराने की मांग को लेकर चल रहे

**■ अम्बेडकर भवन की भूमि को निरस्त कर डॉ अम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी को आवंटन की मांग को लेकर चल रहा धरना चौथे दिन भी जारी रहा**




पी.सी.सी. सदस्य महेश व्यास व मौलमी रहमतुल्लाह धरना स्थल पर पहुंचे तथा धरनार्थियों से उनके मांगों के बारे में जानकारी ली।

अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा।

कांग्रेस नेता पीसीसी सदस्य महेश व्यास व पीसीसी सदस्य मौलवी रहमतुल्लाह कासमी शुक्रवार को धरना स्थल पहुंचे तथा उनसे उनकी मांगों की जानकारी ली।

संघर्ष समिति ने व्यास व कासमी को ज्ञापन भी सौंपा। धरनार्थियों ने दलित समुदाय की पीडा बताई तथा कहा कि उक्त मेमोरियल स्थल की 2 भूमि पर दलित समुदाय का 35 वर्षो से कब्जा है। बावजूद इसके पंचायत ने उक्त भूमि पर अम्बेडकर भवन का प्रस्ताव भेजा। जिस पर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन जोधपुर ने अम्बेडकर भवन के लिए भूमि आवंटित कर दी। जबकि 2 बीघा भूमि को डॉ अम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी के नाम से आवंटित के लिए फाईल प्रक्रियाधीन है।

धरनार्थियों ने कहा कि यह दलित समुदाय की भावनाओं पर कुठाराघात है। इस मामले को लेकर उपखण्ड क्षेत्र के दलित समुदाय के लोगो में भारी रोष एवं विरोध व्याप्त है। जबकी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार और हम कांग्रेस वोटर है।

कांग्रेस नेता व्यास ने भवन की भूमि का आवंटन को निरस्त कराने का पूरा आश्वासन दिया। इस दौरान संघर्ष समिति संयोजक भूराराम मेघवाल, गणपत भाट, रामचंद्र पंवार, राणेरी सरपंच भूराराम मेघवाल, एडवोकेट गोरधन जयपाल, समता सैनिक दल जिला अध्यक्ष इमाराम भीकमकोर, कल्याण सिंह सरपंच केसुराम मेघवाल, अनोप मेघवाल मोटाई, पेमाराम राणेरी, टीकूराम मेघवाल, भोमाराम मेघवाल, केसुराम मेघवाल, हरदेवराम मेघवाल, किसनाराम पंवार, लालचंद लोहिया, नत्थूराम लोहिया, नारायण लोहिया, हरीराम घटोर, अरमान मेघ, रवि पंवार, हड़मान पंवार, राजा जोशी, रेखा भूरा व्यास, दलपतसिंह बीका आदि उपस्थित रहे।

# 46 किलो डोडा पोस्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**पिंडवाडा, (निसं)।** सिरोही जिला पुलिस की ओर से मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता उप जिला पुलिस अधीक्षक देवाराम चौधरी पिंडवाडा पुलिस उप अधीक्षक जेठूसिंह करनोत के निर्देशन में पुलिस थाना अधिकारी चंपालाल बारड को स्विफ्ट कार में से 46 किलो डोडा पोस्ट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार रात्रि को पिंडवाडा थानाधिकारी बाडर के निर्देशन में एसआई शिवनारायण मीणा एएसआई छैलसिंह देवडा, हेड कांनिस्टेबल ओम प्रकाश, कॉनिस्टेबल मांगीलाल गरासिया, जीवाराम मीणा, तुलसाराम रात्रि गश्त के दौरान उदयपुर जाने वाले फोरलेन हाईवे की मोरस पुलिस चौकी के सामने वाहनों की जांच पडताल कर रहे। उसी दौरान उदयपुर की ओर से तेज गति से स्विफ्ट कार आई। जैसे ही पुलिस को देखा तो गाडी मोड कर भागने लगे पुलिस टीम तुरंत हरकत में आई और कुछ ही दूरी पर पीछा कर कार को रुकवा दिया। इसमें कार चालक के साथ एक व्यक्ति और सवार था पुलिस ने कार की तलाशी ली। जिसमें छुपाया हुआ डोडा पोस्त पाया गया। पुलिस ने कार चालक से नाम पता पूछा। तब उसने अपना नाम भूदाराम पुत्र कलाजी देवासी निवासी सेदरिया बालोतान आहोर जिला जालोर और राणारामपुत्र संग्रामाराम देवासी निवासी बेदाना कला आहोर जालोर बताया। पुलिस गाडी में रखे डोडा पोस्त के बारे में पूछा तो बताया कि यह माल प्रताप नगर से लेकर आए हैं और हमारे गांव ले जा रहे हैं।

# वेंडिंग मशीन से कपडे की थैली

**पिंडवाडा, (निसं)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से पिंडवाडा नगर पालिका में पहली बार ऑटोमेटिक क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन लगाई गई इस मशीन में 5 और दस रुपए का सिक्का डालने पर दो कपड़े का बैग बाहर आएंगे। जिसकी शुरुआत शुक्रवार को नगरपालिका कार्यालय में मशीन लगाकर अधिशाषी अधिकारी दीपिका वीरवाल के हाथों शुरुआत हुई है

अब तक जिले के लोगों ने एटीएम मशीन से से केवल नोट ही निकलते हुए देखा है, लेकिन अब नोट के स्थान पर ऐसी ही मशीन से कपडे की थैली निकलते देखी गई। शहर में पॉलीथिन की थैलियों पर प्रतिबंध लगने के बाद आमजन इसका यूज करना बंद नहीं कर रहे हैं। इसे देखते हुए प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से ऑटोमेटिक क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन लगाने का निर्णय लिया गया है।

# जिला कलैक्टर की अध्यक्षता में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले में संचालित राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं एवं जनकल्याण कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक जिला कलैक्टर निशान्त जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने जिला स्तरीय अधिकारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना व आईपीडी-ओपीडी पंजीकरण की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक परिवारों का मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीमजेएवाई के तहत प्रगतिरत आयुष्मान कार्ड ड्राइव के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स, असंगठित सेवा क्षेत्र के कामगारों के लिए संचालित इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत प्राप्त हुए आवेदनों की निकायवार समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी बैंकर्स के साथ समन्वय कर आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक श्रीराम गोदारा ने जिले के राजकीय शिक्षण संस्थानों में शुरू होने वाले नवाचार कार्यक्रम "मेरा विद्यालय-मेरा अभिमान" की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि राजकीय विद्यालयों में प्रति शनिवार "नो बैग डे" का आयोजन कर रचनात्मक एवं कौशलात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

अभियान के दौरान सुलेख लेखन, निबंध लेखन, कविता वाचन, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी साथ ही छात्र-छात्राओं को करियर गाइडेंस व आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। "मेरा विद्यालय-मेरा अभिमान" कार्यक्रम के दौरान उल्लेखनीय कार्य का प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

जिला कलैक्टर ने सरकारी शिक्षण संस्थानों में संचालित मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से प्रभावी शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक चुन्नीलाल परिहार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# नशे के दुष्प्रभाव बताए

**आबू रोड़, (निसं)।** जब हम कोई गलत कार्य करते है जो उसका हमारे जीवन पर काफी गहरा असर पडता है। आजकल नशीली वस्तुओं के गिरफ्त में तेजी से लोग आ रहे है। नशा करने से ना केवल आत्मा बल्कि शरीर और मन पर भी असर पर पडता है। उक्त उदगार महिला प्रभाग की मुख्यालय संयोजक बीके डॉ सविता ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन आबूरोड़ में श्रमिकों के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जितना पैसा हम नशे के सेवन में करते है यदि उसका उपयोग बच्चों की पढाई एवं परवरिश में खर्च करेंगे तो उनका जीवन स्तर सुधर जायेगा। हमें बुद्धिजीवी बनकर मन को मजबूत और सकारात्मक बनाना है। कोई बुरी आदत नहीं छूटती है तो राजयोग ध्यान कर आत्मा की शक्ति को बढाना है।